भारत सरकार

रक्षा मंत्रालय

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3240

07 अगस्त, 2026 को उत्तर के लिए

डीआरडीओ की वित्तीय शक्तियां

3240. श्री टी. एम. सेल्वागणपति:

क्या **रक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के लिए वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन जारी किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त प्रत्यायोजन का उद्देश्य दक्षता, जवाबदेही तथा रणनीतिक अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के समयबद्ध निष्पादन में सुधार करना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या नया वित्तीय शक्ति कार्यढांचा रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता का संवर्धन करेगा और देश की रक्षा संबंधी तैयारियों को महत्वपूर्ण रूप से सुदृढ़ करेगा; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) और (ख) जी, हां। रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन के लिए वित्तीय शक्ति का प्रत्यायोजन (डीएफपी-2026) माननीय रक्षा मंत्री द्वारा 29 जून, 2026 को जारी किया गया है।

(ग) से (ङ) जी, हां। नए डीएफपी-2026 का उद्देश्य कार्यकुशलता, जवाबदेही और रणनीतिक अनुसंधान और विकास परियोजनाओं के समय पर निष्पादन में सुधार करना है। समय पर निष्पादन, रक्षा प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता और देश की रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए डीआरडीओ के विभिन्न पदाधिकारियों की प्रत्यायोजित वित्तीय शक्तियों को बढ़ाया गया है।

****